**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 874**
**2 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए**

# पुदुचेरी में स्मार्ट सिटी परियोजना

**874. श्री वी. वैथिलिंगम:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 'स्मार्ट सिटी परियोजना' के अंतर्गत चयनित शहरों में पुदुचेरी भी शामिल है और यदि हां, तो वहां परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) केंद्र सरकार से अब तक प्राप्त सहायता का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस परियोजना के लिए विदेश से कोई सहायता प्राप्त हुई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) और (ख): भारत सरकार ने 100 शहरों को स्मार्ट सिटीज के रूप में विकसित करने के लिए दिनांक 25 जून, 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एमसीएम) आरम्भ किया। पुडुचेरी को जून, 2017 तीसरे दौर में स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए चयनित किया गया था। पुडुचेरी की स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की स्थिति निम्नलिखित है:-

**(राशि करोड़ में)**

| डी पी आर चरण | | निविदा चरण | | कार्य आदेश चरण | | पूर्ण कार्य | | कुल | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाएं | राशि |
| 51 | 604.68 | 9 | 40.47 | 42 | 163.89 | 3 | 13.60 | 105 | 822.64 |

(स्त्रोत: पुडुचेरी स्मार्ट सिटी 26 -11 -2021 की स्थिति के अनुसार,

अब तक, केंद्र सरकार ने पुडुचेरी स्मार्ट सिटी के लिए 111 करोड़ रुपए जारी किए हैं जिनमें से उनके द्वारा 40.04 करोड़ रुपए उपयोग किए जा चुके हैं।

(ग) और (घ): एएफडी, यूरोपीय संघ और राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान (एनआईयूए) के साथ जुलाई, 2018 में नवीकरण, एकीकरण और सतत विकास करने के लिए शहरी निवेश (सीआईटीआईआईएस) कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य उन शहरी अवसरंचनात्मक परियोजनाओं जो एकीकृत, नवीनता आधारित और सुस्थिर है, का कार्यान्वयन करने में शहरों को 100 मिलियन यूरो तकनीकी और वित्तीय सहायता मुहैया कराना है। पुडुचेरी, उन 12 स्मार्ट

सिटीज में से एक है जिसका चयन सीआईटीआईआईएस कार्यक्रम के अंतर्गत निधिया और तकनीकी सहायता मुहैया कराने के लिए एक चुनौती प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पुडुचेरी 99.71 करोड़ रुपए की लागत पर 'हमारा पड़ोस आपका भी पड़ोस है' नामक परियोजना कार्यान्वित कर रहा है। इसके अलावा, पुडुचेरी स्मार्ट सिटी ने यह सूचित किया है कि इसकी स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के लिए अन्य किसी बाह्य सहायता की व्यवस्था नहीं है।

*****